# ओसाका वर्ल्ड एक्सपो में उप्र में निवेश पर हुई चर्चा

राब्यू, जागरण● लखनऊ: जापान के ओसाका शहर में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो-2025 में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने जापान व जर्मनी के निवेशकों के साथ गोल मेज सम्मेलन में निवेश पर चर्चा की। सोमवार को इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (आइटीपीओ) ने उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और सम्मानित किया।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के नेतृत्व में एक्सपो में गए उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश की औद्योगिक, तकनीकी और निवेश क्षमताओं के बारे में निवेशकों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने निर्माण, इलेक्ट्रानिक्स, ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में काफी प्रगति की है। उन्होंने जापान के साथ सहयोग को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई, और यामानाशी प्रांत के साथ पूर्व में हुए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का उल्लेख किया जो उद्योग, पर्यटन एवं व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देगा।

जापान के सानो शहर के महापौर युताका कानेको ने औद्योगिक नीतियों तथा निवेश अवसरों पर चर्चा की। साथ ही जर्मन पवेलियन के प्रतिनिधियों ने भी प्रतिनिधिमंडल के साथ निवेश पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह और विशेष सचिव विपिन कुमार जैन सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं।

## इजरायल, जापान, जर्मनी में कुशल श्रमिकों की मांग बढ़ी

इजरायल, जापान, जर्मनी, क्रोएशिया और यूएई जैसे देशों से अब प्रदेश के निर्माण श्रमिक, नर्स, केयरगिवर और ड्राइवरों के लिए बड़े पैमाने पर मांग आ रही है। श्रम विभाग इन अवसरों को सुनियोजित तरीके से साकार करने में जुटा है। इसके लिए उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन भी किया जा रहा है ताकि युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने की प्रक्रिया और सरल हो सके। पिछले वर्ष इजरायल की संस्था पीआइबीए (जनसंख्या और आव्रजन प्राधिकरण) के सहयोग से प्रदेश के करीब छह हजार कुशल निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजा गया। इनकी कमाई से प्रदेश में हर साल लगभग 1,000 करोड़ रुपये का विदेशी धन आना तय माना जा रहा है। अब 1383 और श्रमिकों को इजरायल भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

# वर्ल्ड एक्सपो में छाया यूपी, जापानी उद्योगपतियों ने निवेश में जताई रुचि




**इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन ने प्रदेश प्रतिनिधिमंडल को सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। -स्रोत : सूचना**

**लखनऊ।** जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो 2025 में उत्तर प्रदेश ने मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। यूपी पवेलियन निवेशकों, प्रतिनिधियों और अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया है। इस अवसर पर इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन ने प्रदेश प्रतिनिधिमंडल को सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने किया। उनके साथ प्रमुख सचिव अवस्थापना व औद्योगिक विकास आलोक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह और विशेष सचिव विपिन कुमार जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी हैं। यूपी पवेलियन में सुरेश खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में प्रगति की है।

जापान के सानो शहर के महापौर युताका कानेको उत्तर प्रदेश पवेलियन पहुंचे और उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नीतियों और निवेश अवसरों पर बात की। उन्होंने भविष्य में सहयोग की इच्छा जताई। इसके अतिरिक्त जर्मन पवेलियन के प्रतिनिधियों ने भी यूपी मंडप का दौरा किया। ब्यूरो